# माडल प्रश्न पत्र

## कक्षा–12

## लेखाशास्त्र

**समय– तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक 100**

**नोट–** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देशः**

1– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2– प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 27 से 30 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिन्हें हल करना है।

3– सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

सही उत्तर का चयन कीजिए तथा अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1– प्राप्ति भुगतान खाता है– 1

अ– व्यक्तिगत खाता ब– वास्तविक खाता

स– नाम मांग खाता द– इनमें से कोई नहीं

2– साझेदारी में लाभ–हानि का बँटवारा किया जाना चाहिए– 1

अ– पूँजी के अनुपात में ब– बराबर अनुपात में

स– साझेदारी संलेख के अनुसार द– इनमें से कोई नहीं

3– साझेदारी फर्म में आहरण पर ब्याज है– 1

अ– आय ब– व्यय

स– लाभ द– हानि

4– ख्याति है– 1

अ– एक अमूर्त सम्पत्ति ब– एक मूर्त सम्पत्ति

स– एक दायित्व द– एक चालू सम्पत्ति

5– एक निजी कम्पनी में सदस्यों की न्यूनतम संख्या होती है– 1

अ– दो ब– चार

स– पांच　　　　　　　　　　　　　द– सात

6– स्कन्ध में शामिल है– 1

अ– खुले औजार　　　　　　　　　　ब– व्यापारिक स्कन्ध

स– स्टोर्स　　　　　　　　　　　　　द– ये सभी

7– वित्तीय विवरणों को विश्लेषण में शामिल होता है– 1

अ– व्यापार खाता　　　　　　　　　ब– लाभ–हानि खाता

स– आर्थिक चिट्ठा　　　　　　　　　द– ये सभी

8– पूर्वदत्त व्ययों की राशि में वृद्धि है– 1

अ– रोकड़ में कमी　　　　　　　　ब– रोकड़ में वृद्धि

स– अ व ब दोनों　　　　　　　　　द– इनमें सें कोई नही

9– ICAI ने लेखांकन मानक–3 निर्गमित किया था– 1

अ– 1981 में　　　　　　　　　　ब– 1990 में

स– 1970 में　　　　　　　　　　द– इनमें से कोई नही

10– अंश आवेदन खाता है– 1

अ– व्यक्तिगत खाता　　　　　　　ब– नाममात्र खाता

स– वास्तविक खाता　　　　　　　द– इनमें से कोई नही

**(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)**

11. अलाभकारी संस्था से आप क्या समझते हैं? लिखिए। 2

12. साझेदारी की दो विशेषताएं लिखिए। 2

13. स्थायी पूँजी खाता क्या है? लिखिए। 2

14. ख्याति की परिभाषा लिखिए। 2

15. त्याग अनुपात क्या है लिखिए। 2

16. अंश की परिभाषा लिखिए। 2

17. वित्तीय विवरण का आशय लिखिए। 2

18. रोकड़ प्रवाह विवरण क्या है? लिखिए। 2

19. पूर्वाधिकार अंश की परिभाषा लिखिए। 2

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

20. अलाभकारी संस्थाओं की विस्तार लिखिए। 5

21. सामान्य साझेदारी एवं सीमित साझेदारी में अन्तर लिखिए। 5

22. लाभ प्राप्ति अनुपात क्या हैं? इसका सूत्र लिखिए। 5

23. समता अंश एवं पूर्वाधिकार अंश में अन्तर लिखिए। 5

24. वित्तीय विवरणों के उद्देश्य लिखिए। 5

25. रोकड़ प्रवाह विवरण तथा रोकड़ बजट में अन्तर बताइए। 5

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)**

26. सुधा क्लब, उज्जैन का प्राप्ति भुगतान खाता तथा निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर 31 मार्च, 2020 के समाप्त हुए वर्ष का आय–व्यय खाता तैयार किजिए– 10

प्राप्ति– रोकड़ शेष रु. 4800, वार्षिक चन्दा रु.6520
अजीवन सदस्यता शुल्क रु.1000 प्रवेश शुल्क प्रवेश शुल्क रु.4960
विनियोग पर ब्याज रु.760, विविध प्राप्ति रु. 320.

भुगतान–सामान्य खर्च रु. 2160, वेतन व मजदूरी रु. 12200,
फर्नीचर रु.3200, किराया व कर रु. 2240,
समाचार पत्र रु. 500, रोकड शेष रु. 8060.

वार्षिक चन्दे के रु. 1000 बकाया है। सामान्य खर्च के रु. 200 तथा क्लब के सचिव का वेतन रु. 700 देना है। फर्नीचर पर 15 प्रतिशत का आयोजन करना है।

**अथवा**

प्राप्ति और भुगतान खाता किसे कहते हैं? प्राप्ति और भुगतान खाता से आय–व्यय खाता बनाने की विधि का वर्णन कीजिए। 10

28. एक कम्पनी ने 10 रु. वाले 20,000 अंश निर्गमित किए, जिस पर निम्न प्रकार से भुगतान होना है– 10

2 रु .आवेदन पर, 2 रु .आवंटन पर, 2 रु. प्रथम मांग पर तथा शेष अन्तिम मांग में।
सभी राशियां मांगी गयी एवं प्राप्त हो गयी। कम्पनी के जर्नल में आवश्यक लेखें कीजिए एवं रोकड़ खाता बताइए।

**अथवा**

अंशो का हरण क्यों और किस प्रकार किया जाता है? हरण किए हुए अंशो के पुनर्निर्माण सम्बन्धी क्या नियम हैं? लिखिए। 10

29– लाला और राजा दो साझेदार है जो क्रमश 2:1 के अनुपात में लाभ–हानि विभाजित करते हैं। 31 मर्च 2021 को उनका चिट्ठा निम्नानुसारहै– 10

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियां | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 18000 | बैक मे रोकड़ | 76000 |
| देय विपत्र | 102000 | देनदार | 40000 |
| पूँजी खाते. | | फर्नीचर | 21000 |
| लाला 170000 | | मशीनरी | 180000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजा 55000 | 225000 | भवन | 130000 |
| | 507000 | | 507000 |

उन्होंने भोला को निम्न शर्तों पर प्रवेश दिया–

1– भोला पूँजी के लिए रु 180000 नकद देगा एवं भावी लाभ में 1/5 भाग लेगा।

2– फर्म के पुस्तकों में प्रमाणित (ख्याति) रु. 90000.00 मानी जाय।

3– स्कन्ध एवं फर्नीचर का मूल्य 10 प्रतिशत कम किया जायेगा एवं भवन का मूल्य रु. 18000.00 तक किया जायेगा।

4– अशोध्य ऋणों के लिए देनदारों पर 5 प्रतिशत आयोजन किया जायेगा।

उपर्युक्त सूचनाओं के आधार पर (अ) साझेदारों के भावी लाभ–हानि की विभाजन अनुपात ज्ञात कीजिए। (ब) पुर्नमूल्यांकन खाता योग साझेदारों की पूँजी खाते बनाइये तथा (स) नये फर्म का चिट्ठा बनाये।

अथवा

निम्नलिखित सूचनाओं से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार किया जाय। 10

| पूँजी एवं दायित्व | 2019 रु | 2020 रु |
|---|---|---|
| अंश पूँजी | 140000.00 | 160000.00 |
| लाभ–हानि | 60000.00 | 80000.00 |
| ऋण पत्र | 60000.00 | 80000.00 |
| लेन–देन | 10000.00 | 20000.00 |
| देय बिल | 10000.00 | 5000.00 |
| भूमि एवं भवन | 100000.00 | 125000.00 |
| प्लांट एवं मशीनरी | 100000.00 | 120000.00 |
| ख्याति | 10000.00 | 5000.00 |
| स्कन्ध | 40000.00 | 50000.00 |
| देनदार | 20000.00 | 15000.00 |
| रोकड़ | 10000.00 | 30000.00 |
| अवशेष– | 280000.00 | 345000.00 |

अतिरिक्त सूचनाएं–

1. लाभांश का भुगतान रु. 2000.00

2. वर्ष में रु. 4000.00 लागत की मशीन के रु. 10000.00 में बेचा गया।

3. वर्ष में मशीन पर रु.5000.00 तथा भूमि व भवन पर रु. 3000.00 ह्रास लगाया।

30. निम्नलिखित सूचनाओं से एक कम्पनी तुलनात्मक आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिये– 10

| विवरण | 31.03.2020 रु. | 31.03.2021 रु. |
|---|---|---|
| समता एवं पूँजी | 1000000.00 | 1000000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| गैर चालू सम्पत्तियां | 800000.00 | 900000.00 |
| संचय एवं आधिक्य | 500000.00 | 1000000.00 |
| दीर्घकालीन ऋण | 500000.00 | 500000.00 |
| चालू दायित्व | 500000.00 | 500000.00 |
| गैर चालू विनियोग | 1000000.00 | 1000000.00 |
| चालू सम्पित्तियां | 700000.00 | 1100000.00 |

अथवा

कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आर्थिक चिट्ठे का प्रारूप दीजिये। 10